298. राजस्थान में, निम्न में से कौन सा नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है?

(a) घूमर (b) कच्छी घोड़ी
(c) तेरह ताली (d) कत्थक

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

299. चंग नृत्य राजस्थान के .... क्षेत्र से संबंधित है।

(a) शेखावाटी (b) डूंगरपुर
(c) भरतपुर (d) दौसा

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (a) : चंग नृत्य होली के अवसर पर किया जाने वाला शेखावाटी क्षेत्र का नृत्य है। यह पुरुषों द्वारा किया जाता है। इसमें प्रत्येक पुरूष अपने हाथ से चंग बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। इसमें होली के गीत गाए जाते हैं।

300. निम्न में से राज्य कौन सा लोकनृत्य प्रसिद्ध तौर पर 'स्नैक चार्मर डांस' से जाना जाता है?

(a) भवाई (b) घूमर
(c) कालबेलिया (d) कठपुतली

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (c) : कालबेलिया नृत्य राजस्थान का लोक नृत्य है। इसे 'सपेरा डांस' या 'स्नैक चार्मर डांस' के नाम से जाना जाता है। कालबेलिया नृत्य विशेष रूप से 'कालबेलिया' नामक राजस्थानी जनजाति द्वारा किया जाता है। कालबेलिया नृत्य को 2010 में यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया। यह नृत्य चार प्रकार का होता है।
1. इण्डोणी- इसमें पुंगी एवं खेंजरी वाद्य यंत्र का प्रयोग होता है।
2. शंकरिया- यह प्रेम आधारित युगल नृत्य है।
3. पणिहारी - यह बांगड़िया महिलाओं द्वारा किया जाने वाला नृत्य है।
4. बगड़िया- भीख मांगते समय किया जाने वाला नृत्य है।
कालबेलिया नृत्य के प्रमुख कलाकार गुलाबों है। कालबेलिया नृत्य में डफली, घुरालियो, खजरी, पुंगी वाद्य यंत्र का प्रयोग होता है।

301. निम्न में से कौन सा नृत्य राजस्थान के कालबेलियाँ का नहीं है?

(a) शंकरिया (b) चरी
(c) पणिहारी (d) इण्डोणी

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

302. प्रसिद्ध राजस्थानी लोक नर्तकी 'गुलाबो' का संबंध किस नृत्य से है ?

(a) गैर नृत्य (b) कालबेलिया नृत्य
(c) वालर नृत्य (d) घूमर नृत्य

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

303. किस लोक नृत्य में डफली, घुरालियो, खंजरी और पुँगी वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है?

(a) कच्छी घोड़ी (b) कालबेलिया
(c) अग्नि नृत्य (d) गैर

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (b) –उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

304. निम्नलिखित में से कौन सा युगल नृत्य है?

(a) चरी नृत्य (b) शंकरिया नृत्य
(c) मांदल नृत्य (d) गींदड़ नृत्य

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

305. राजस्थान का शंकरिया नृत्य किससे संबंधित है?

(a) कालबेलिया (b) भील
(c) सहरिया (d) तेरहताली

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

306. निम्नलिखित में से प्रख्यात 'चरी नृत्यांगना' कौन है?

(a) मांगी बाई (b) फलकू सिंह
(c) गुलाबो (d) तीजन बाई

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (b) : चरी नृत्य राजस्थान के किशनगढ़ व अजमेर का नृत्य है। इस नृत्य को गुर्जर जाति के लोग करते हैं। इस नृत्य में स्त्रियाँ चरियाँ रखकर नृत्य करती है। चरी एक पात्र होता है, यह आमतौर पर पीतल का बना होता है और यह मटके के आकार का होता है, इसलिए इसे चरी नृत्य भी कहा जाता है। फलकू बाई इस नृत्य की प्रख्यात नृत्यांगना है।

307. चरी लोक नृत्य मुख्य रूप से राजस्थान के किस जिले में किया जाता है?

(a) किशनगढ़ (b) अलवर
(c) जयपुर (d) जोधपुर

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

308. किस त्यौहार पर घूमर नृत्य का आयोजन होता है?

(a) दशहरा (b) गणगौर
(c) तीज (d) दीपावली

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (b) : घूमर नृत्य विशेष रूप से गणगौर होली, दुर्गा पूजा व नवरात्रि त्यौहार पर महिलाओं द्वारा किया जाता है। परन्तु वर्तमान में घूमरनृत्य होली, दीपावली, शादी-विवाह एवं अन्य मांगलिक अवसरों पर भी आयोजित किया जाने लगा है। घूमर नृत्य समूचे राजस्थान का लोकप्रिय नृत्य है। इसे राजस्थान के लोकनृत्यों की रानी कहा जाता है। यह विशुद्ध रूप से महिलाओं का नृत्य है। लहंगे के घेरे को कुंभ कहते है, इसलिए इसको घूमर नृत्य कहा जाता है।

309. राजस्थान के किस क्षेत्र में 'गींदड़ नृत्य' लोकप्रिय है?

(a) मेवाड़ (b) शेखावटी
(c) वागड़ (d) मत्स्य

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015
MVSI-2013

Ans. (b) : होली के अवसर पर होने वाला 'गीदड़ नृत्य' शेखावटी क्षेत्र का प्रमुख नृत्य है। नगाड़ा, ढोल, डफ व चंग इस नृत्य का मुख्य वाद्य होता है। नर्तक अपने हाथों में छोटे-छोटे डण्डे लिये होता है। नगाड़े की ताल के साथ इन डंडों को परस्पर टकराते हुए घूमते हैं।

310. शेखावटी के प्रसिद्ध नृत्य का नाम है–

(a) घूमर (b) गीदड़
(c) घेर (d) तेराताली

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या— उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।